चित्रकूट पुलिस

(1). “मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल के तहत जनपद के समस्त थानों की एन्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारो के प्रति जागरुक किया गया।

“मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल- जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित

आज दिनांक 26.08.2026 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा “मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत अपने-अपने थाना क्षेत्र में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई ।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का

अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2).** आज दिनाँक 31.08.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री पीयूषकान्त राय की अध्यक्षता में क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्री राजकमल की उपस्थिति में पुलिस विभाग में अपनी सेवा देकर अधिवर्षता पूर्ण करने वाले उ0नि0 नागरिक पुलिस श्री दिनेश त्रिपाठी के विदाई समारोह का आयोजन पुलिस लाइन स्थित आदेश कक्ष में किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे उपनिरीक्षक को प्रशस्ति-पत्र एवं उपहार प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गई एवं मौके पर उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगण को हल्का नास्ता करवाकर मुंह मीठा कराया गया। अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा सेवानिवृत हो रहे उ0नि0 से कहा गया कि आज का यह अवसर भावुक भी है और प्रेरणादायक भी । विदाई केवल एक औपचारिक नहीं,बल्कि उन यादों,अनुभवों और रिश्तों का सम्मान है जो हमने मिलकर बनाएं है। सेवानिवृत होकर घर जाकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें एवं निरन्तर व्यायाम करते रहें,जिससे आपका स्वास्थ्य ठीक बना रहें। पुलिस विभाग को दिए गए जीवन के इस समय का पुलिस विभाग आपका सदैव आभारी रहेगा। आपने जीवन का अमूल्य समय विभाग को दिया है, मैं समस्त पुलिस विभाग की ओर से आपके सुखद जीवन एवं परिवार की तरक्की की मनोकामना करता हूं।

इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक श्री राम शीष यादव,उ0नि0 सशस्त्र पुलिस श्री अभिषेक समाधिया एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

(3).पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में थाना पहाडी पुलिस घर से नाराज होकर गये छात्र को 48 घंटे के अंदर सकुशल बरामद किया

दिनांक 28.08.2026 को वादी रामनरेश पुत्र मंगलिया निवासी ग्राम पहाडी द्वारा थाना पहाडी पर तहरीरी सूचना दी गयी गयी कि उनका नाबालिक पुत्र आशुतोष कुमार घर से बिना बताये कही चला गया है । सूचना पर थाना पहाडी में मु0अ0स0 174/26 धारा 137(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया । उ0नि0 श्री सत्यनारायण सिंह व उनकी टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये सीसीटीवी व सर्वेलांश की सहायता 48 घंटे के अंदर आशुतोष कुमार को खोजकर परिजनों को सुपुर्द किया गया।

(4).अमावस्या मेला के दृष्टिगत रामघाट पर उ0नि0 श्री अशोक कुमार सिंह एवं महिला आरक्षी श्याम लली की ड्यूटी लगी थी। ड्यूटी के दौरान वृद्ध महिला श्रीमती ताराबाई पत्नी श्री गुटई, निवासी भूलर भीटा, थाना सिपरा, जनपद जबलपुर द्वारा महिला आरक्षी श्याम लली को बताया गया कि रामघाट पर दर्शन करने के दौरान उनके ₹2,200/- रुपये कहीं गिरकर खो गए हैं।

महिला आरक्षी श्याम लली द्वारा तत्काल मामले का संज्ञान लेते हुए वृद्ध महिला द्वारा बताए गए स्थानों पर जाकर आसपास तलाश की गई। काफी प्रयास के बाद महिला आरक्षी द्वारा ₹2,200/- की पूरी धनराशि खोज ली गई तथा उसे सुरक्षित रूप से वृद्ध महिला को वापस कर दिया गया।

खोई हुई पूरी धनराशि वापस मिलने पर वृद्ध महिला अत्यंत प्रसन्न एवं भावुक हो गई। उन्होंने चित्रकूट पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए महिला आरक्षी को धन्यवाद दिया।